उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-3
संख्या-80/1932/47-का-3-2014-13/153/97
लखनऊ : दिनांक : 31 जुलाई, 2014

विज्ञप्ति

श्री राज्यपाल महोदय श्री संजय कुमार सिंह यादव, संयुक्त सचिव, नियुक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उनके संयुक्त सचिव, नियुक्ति के पद के साथ-साथ विघटित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ का प्रशासक नियुक्त करते हैं।

2- विघटित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के कर्मचारी प्रशासक से सम्बद्ध रहेंगे तथा समस्त परिसम्पत्तियों का प्रबन्ध प्रशासक द्वारा किया जायेगा।

3- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (विघटित) के कार्यालयी क्रियाकलापों के संचालनार्थ अनुदान संख्या-20 में निहित लेखाशीर्षक "2051-लोक सेवा आयोग-103-कर्मचारी चयन आयोग-आयोजनेत्तर-03-उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग" के अन्तर्गत विघटित आयोग के कार्मिकों के वेतन भत्तों पर होने वाले व्यय की धनराशि के आहरण तथा आयोग से संबंधित बिलों की धनराशि के भुगतान का अधिकार भी प्रशासक को रहेगा।

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-80/1932/47-का-3-2014-13/153/97, तददिनांक,

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- संबंधित अधिकारी।
2- नियुक्ति अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5, उत्तर प्रदेश शासन।
4- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
5- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, इलाहाबाद।
6- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, इलाहाबाद को साधारण गजट में मुद्रित एवं प्रकाशित किए जाने हेतु।
7- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (विघटित), लखनऊ।
8- नियुक्ति अनुभाग-6, उ.प्र. शासन को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु।
9- अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in